हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

11 भारद्वाज व लांग्यान ने दूसरे दिन भी की भूख हड़ताल



12 सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में घुसकानी की टीम रही प्रथम



## खबर संक्षेप

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव आज

**भिवानी।** इस्कॉन द्वारा 24 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव आयोजित होगा। रथयात्रा शाम 5 बजे चंद्रगिरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बावड़ी गेट से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए इस्कॉन सेंटर पहुंचेगी। भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा के सुसज्जित रथ के साथ हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, आरती और महाप्रसाद वितरण होगा।

### भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 26 को

**लोहारू।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) लोहारू के तत्वावधान में 26 जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा पुराना शहर स्थित बालाजी मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार होते हुए उजाड़िया श्री हनुमान मंदिर पहुंचेगी। समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा और प्रसाद वितरण होगा। सुमित्रा चौधरी ने क्षेत्रवासियों से रथयात्रा में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

### लोहारू में प्रतिभा सम्मान समारोह 26 को

**लोहारू।** प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा 26 जुलाई को लोहारू की अनाज मंडी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खंड के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। संस्थापक मास्टर पवन स्वामी, डॉ. उमेद जांगिड़ ने बताया कि संगठन हर वर्ष मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करता है। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## विधायक ने शहर के बरसाती नालों व डिस्पोजल का निरीक्षण किया

# नाले की सफाई नहीं होने पर अफसरों को लगाई फटकार

*पुलिया का लेंटर टूटने के कारण नाला हो गया था अवरूद्ध जिसके कारण दूषित पानी गली और सड़कों पर फैल रहा था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर शहर के बरसाती नालों व डिस्पोजल का निरीक्षण किया। अधिकांश नालों में शिल्ट मिली। एक जगह नाले में पुलिया के लेंटर टूट कर गिरा हुआ मिला। जिस वजह से बारिश या घरों से निकलने वाला गंदा पानी आगे नहीं बह रहा था। जिस वजह से पानी गली व सड़कों पर ही फैलता रहा। इस पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने जल्द ही नालों की सफाई व पुलिया के टूटे हुए लेंटर को बाहर नहीं निकलवाया तो उनकी शिकायत सीएम कार्यालय में की जाएगी।

**निकासी का दिलवाया भरोसा:** इस पर अधिकारियों ने जल्द ही नालों की सफाई व नालों में जिन जगहों पर पानी की निकासी के लिए अवरोध बने है। उनको तत्काल निकलवाने का भरोसा दिलाया।



*विधायक ने पानी निकासी और मोटर पम्पों की क्षमता की जानकारी ली*

### सफाई कराने के निर्देश दिए

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया वीरवार को पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर बरसाती नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर खामियां मिली। उनको जल्द ही सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के सीजन में पानी की सही ढंग से निकासी हो सके। अगर उन्होंने इस मामले में कोई कोताही बरती तो उनके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी।

### ढाणा रोड के पास से निकले नाले में कई जगह शिल्ट मिली

सुबह करीब साढ़े 11बजे सबसे पहले विधायक दादरी एसटीपी पर पहुंचे। वहां पर पानी की निकासी की व्यवस्था देखी। ढाणा रोड स्थित डिस्पोजल का निरीक्षण किया। वहां पर अधिकारियों से पानी की निकासी व मोटर पम्पों की क्षमता के बारे में जानकारी ली। साथ ही डिस्पोजल पर कर्मचारियों की हाजिरी जांची। सभी कर्मचारी हाजिर मिले। उसके बाद विधायक अधिकारियों के साथ लेकर ढाणा रोड के पास से निकल रहे नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान नाले में अनेक जगहों पर शिल्ट मिली। जिस वजह से गंदा पानी आगे नहीं निकल रहा था। इस पर विभाग के एसडीओ व जेई को मौके पर बुलाया। यहां पर एक जगह पर पुलिया का लेंटर टूटा हुआ पाया। लेंटर टूट कर नाले में गिरने से पानी आगे नहीं निकला। इस पर विधायक ने अधिकारियों को तत्काल नालों की सफाई करवाए जाने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के दिनों में पानी की सही ढंग से निकासी हो गया। अगर अधिकारियों ने इस मामले में कोई ढिलाई बरती तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करवाई जाएगी।



**भिवानी।** एसटीपी पर गंदे पानी की निकासी के बारे में जानकारी लेते विधायक।



**तोशाम।** कार्यालय में हाजिरी रजिस्टर की जांच करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम ने किया बिजली निगम व बीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

- नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी : एसडीएम

एसडीएम संदीप कुमार ने वीरवार को बिजली निगम,बीडीपीओ सहित अन्य विभागीय कार्यालयों में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। साफ सफाई के साथ -साथ अन्य विभागीय कामों कार्य प्रणाली की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं सुविधा स्तर की विभागवार जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी विस्तार से ली। जहां अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप देखने को मिला।

एसडीएम ने अधिकारियो और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालयों में सफाई कार्य प्रतिदिन करने से ही कार्यालय परिसर साफ सुथरा रहेगा, इसमें किसी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दक्षिण हरियाणा बिजली निगम, खण्ड विकास एवं पंचायत विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में आने वाले प्रत्येक नागरिक को बिना किसी परेशानी के निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। एसडीएम ने कार्यालयों में प्रतीक्षा कक्ष, काम आने वाले लोगों के बैठने की सुविधा, साफ-सफाई, संबंधित काउंटर पर सूचना पट्ट लगाने तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों के साथ शालीनता व सहयोगात्मक व्यवहार का पालन करें तथा समस्याओं का समाधान त्वरित तरिके से मौके पर ही करना सुनिश्चित करें ।

एसडीएम ने कहा कि सभी विभाग उनसे संबंधित जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने का ऑन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली महत्वपूर्ण माध्यम है। सरकार की अंत्योदय योजना की कार्यप्रणाली जितनी प्रभावी होगी, उतना ही आमजन का प्रशासन पर विश्वास मजबूत होगा। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी तय समय पर अपने कार्यालय पहुंचकर अपना कार्य शुरू करें। कार्यालयों में किसी प्रकार अनुशासनहीनता सहन नहीं होगी। एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि हर सप्ताह तोशाम और कैरू ब्लॉक के सभी विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, अधिकारियों और कर्मचारियों के कामों समीक्षा की जाएगी।



### दादरी के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में जुड़ी उपलब्धि

- पहली बार सफल लैप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी की

**चरखी दादरी।** दादरी के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो रहा है। अस्पताल ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। नागरिक अस्पताल में पहली बार सफलतापूर्वक लैप्रोस्कोपिक ट्यूबेक्टॉमी (महिला नसबंदी) का ऑपरेशन किया गया। इस उपलब्धि से अब जिले की महिलाओं को इस आधुनिक शल्य चिकित्सा सुविधा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

यह ऑपरेशन अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से संपन्न किया गया। इस प्रक्रिया में महिला के शरीर पर बड़ा चीरा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। मरीज अपेक्षाकृत कम समय में सामान्य जीवन में लौट सकती है। इस ऑपरेशन के दौरान दादरी के सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार स्वयं बतौर एनेस्थेटिस्ट मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

*कासनी कलां गांव के 39 वर्षीय राकेश की हादसे में गई जान, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया*

**बहल।** बहल भिवानी रोड पर गोकुलपुरा मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में कासनी कलां गांव निवासी 39 वर्षीय युवा राकेश की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में अजीत ने बताया कि उसका भाई किसी काम से बहल जा रहा था। जब वह गोकलपुरा मोड़ के समीप पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक चालक ने मेरे भाई राकेश की बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से मेरा भाई बाइक सहित सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार किए हिसार ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक राकेश शादीशुदा था और उसके दो बच्चे है। वही, दुर्घटना में छपार गांव निवासी युवक नीरज भी घायल हो गया। घायल युवक को भिवानी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जबकि दूसरा घायल युवक की हालात गंभीर है और वह नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है।

### स्कूल बस की चपेट में आने से महिला की मौत

**चरखी दादरी।** गांव चंदेनी में वीरवार सुबह स्कूल बस की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। गांव चंदेनी निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार सुबह करीब 76 वर्षीय उसकी मां बिमला खेत से अपने घर आ रही थी। इस दौरान रास्ते में वे निजी स्कूल बस की चपेट में आ गई। जिसके कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर झोझू कलां थाना पुलिस भी अस्पताल में पहुंची। पुलिस ने मृतका के बेटे के बयान के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### गांव देवराला में पिकअप की टक्कर लगने से स्कूटी चालक गंभीर चोटिल, मामला दर्ज

**तोशाम।** गांव देवराला में पिकअप गाड़ी व इलेक्ट्रिक स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर लगने से स्कूटी चालक को विभिन्न जगह गंभीर चोटे आई। गांव देवराला निवासी घायल कुलदीप मंगलवार को अपनी स्कूटी से बस स्टैंड देवराला से अपने घर आ रहा था। जब वह देवराला-बहल मार्ग पर आरा मशीन के पास पहुंचा तो ओबरा की ओर से आ रही एक बोलेरो पिकअप गाड़ी ने सामने से तेज रफ्तार से सीधी स्कूटी में टक्कर मारी। जिससे स्कूटी चालक कुलदीप स्कूटी सहित सड़क पर गिर गया। इस दौरान स्कूटी चालक के नीचे गिरने से सिर, पैर, दाहिने हाथ में गंभीर चोटे आई। गाड़ी चालक स्कूटी चालक को गंभीर अवस्था में वहीं छोड़कर गाड़ी से फरार हो गया। घटना की सूचना लगते ही परिजन स्कूटी चालक को गंभीर अवस्था में कैरू सीएचसी में लेकर आए। वहां चिकित्सक नहीं होने से जिला नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। कैरू पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने पीड़ित कुलदीप की शिकायत पर नामालूम गाड़ी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

### सीबीएसई विंग को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने की मांग तेज

**बहल।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई विंग) को उसके नवनिर्मित भवन में शीघ्र स्थानांतरित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य लोगों की ओर से जिला भिवानी की कट निवारण समिति के चेयरमैन को जनहित में प्रार्थना पत्र भेजकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत बहल द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई थी।

**12 माह पहले ही तैयार हो चुका हैं भवन:** इस भूमि पर विद्यालय का नया भवन बनकर करीब 12 माह पहले ही तैयार हो चुका है। पत्र में कहा गया है कि नया भवन तैयार होने के बाद भी पुराने भवन में स्कूल चलाना सरकारी धन के उद्देश्य को पूरा नहीं करता। नए भवन का उपयोग होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षित परिसर मिलेगा, जबकि वर्तमान में सार्वजनिक संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। सरपंच साधुराम पनिहार, पंचायत समिति सदस्य योगेश शर्मा, पंच जगमोहन जावला, संजय अग्रवाल आदि ने कष्ट निवारण समिति से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है।

### पॉक्सो अधिनियम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) भिवानी डॉ. गगनदीप कौर सिंह के मार्गदर्शन में बाल लैंगिक अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं निहितार्थों को लेकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांग तथा राजकीय वमावि गुजरानी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी संदीप, पैनल अधिवक्ता तरन्नुम तथा अधिकार मित्र (पीएलवी) उमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीजेएम पवन कुमार ने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को पॉक्सो अधिनियम के उद्देश्यों और प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून की दृष्टि से नाबालिग की सहमति मान्य नहीं है तथा बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराधों के लिए पॉक्सो अधिनियम में कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित व्यवहार, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग तथा किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना देने के बारे में भी जानकारी दी।

## अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम को गंभीरता से लें: उपायुक्त

# रावलधी गांव में रात्रि ठहराव के दौरान उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सभी अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम को गंभीरता से लें और स्वयं कार्यक्रम में मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं को सुलझाने का काम करें। अधिकारी केवल हाजिरी लगाने तक सीमित ना रहें। इसको लेकर अगर कोताही की जाती है तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त मनदीप कौर ने बुधवार को गांव रावलधी में आयोजित रात्रि ठहराव के दौरान कुछ अधिकारियों के मौजूद ना होने पर सख्त निर्देश दिए हैं।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने शिकायतें रखी। इन शिकायतों में प्लॉट और गांव की फिरनी से अवैध कब्जा हटवाने, सड़क दुरुस्त करवाने, बीपीएल कार्ड बनवाने, पेंशन बनवाने सहित पुलिस और बिजली आदि से संबंधित मामले शामिल रहे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कई समस्याओं का निवारण स्थानीय स्तर पर आपसी भाईचारे से भी संभव होता है। ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बनते हुए ऐसी समस्याओं का स्वयं निपटान करवाकर भाईचारे की मिसाल कायम करें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।



**भिवानी।** गांव रावलधी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनतीं उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

### योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि ठहराव जन संवाद कार्यक्रम में गांव में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। विभागीय अधिकारियों ने अपनी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। इस अवसर पर एसपी लोगेश कुमार पी, एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह, सीईओ पार्षद प्रदीप अहलावत आदि मौजूद रहे।

### प्रत्येक दावे एवं आपत्तियों का गंभीरता से परीक्षण किया जाए: महेश कुमार

*31 जुलाई से 30 अगस्त तक आपत्तियां दर्ज की जाएंगी*

**भिवानी।** भिवानी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में एसआईआर को लेकर संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम ने विस क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियों के प्रभावी निस्तारण को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर सत्यापन की 24 जुलाई अंतिम तारीख है। इसके बाद 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा आपत्तियां दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा तथा 3 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम ने दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा उनके निष्पक्ष निस्तारण के लिए नियुक्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दावा एवं आपत्ति का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रक्रिया पूरी सावधानी और नियमों के अनुरूप संपन्न की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसलिए इसके पुनरीक्षण कार्य में सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
JHAJJAR (DELHI-NCR)

NAAC A GRADE
NBA — National Board of Accreditation — Accredited by
B.TECH ME, ECE and MBA



Industry Oriented Curriculum
Degree Conferred by MDU, Rohtak

RANKED #16 In North India
RANKED #38 Pvt. Institutes In India
RANKED #39 Across India
RANKED #46 Placement Across India
Times Engineering Institute Ranking Survey-2026

ADMISSIONS OPEN 2026-27

Applications are invited on prescribed performa from eligible candidates for filling up the Vacant/Leftover Seats/ Tuition Fee Waiver/Economical Weaker Section of B.Tech 1st year courses and B.Tech 2nd year (LEET) courses as per HSTES 2026-27 guidelines and reservation policy. Application performa can be downloaded from the Institute website or can be taken from the admission office. The duly filled Application performa along with necessary documents must be submitted in the Institute admission office.

PHYSICAL COUNSELING / REPORTING SCHEDULE

| | |
|---|---|
| Last date for submission of Application form through email or by hand | 27.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and submission of admission fee by the candidates on the basis of JEE Mains Ranks/10+2 marks (with reservation policy) | 28.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and Submission of Admission fee by the candidates having JEE Mains Ranks/10+2 Marks (without reservation) | 29.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Daily Basis On Spot Physical Counseling on First come- first serve basis | From 30.07.2026 to the last cut of date of admissions as per HSTES |

B.TECH | B.TECH (LEET)
CSE, CSE (DS), CSE (AI & ML), FIRE TECH. & SAFETY, ELECTRICAL
MECHANICAL, ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL

COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS IN FLEXIBLE TIMINGS
B.TECH (FIRE TECH. & SAFETY, CSE, ELECTRICAL, CIVIL), M.TECH (CSE, SD), MBA, MCA

Other Courses by GGI
M.TECH | BBA | BCA | MCA | MBA | B.ARCH | M.ARCH | B.ED | M.ED

8684000891 / 892 / 893 / 906 / 9654292946 | www.gangainstitute.com

जानकारी / शिखर चंद जैन

# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान



दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

## अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

## रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

## बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

## आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

## कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

## ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

## ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!





छोटी कहानी
शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।



संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब :** चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

# हंसगुल्ले



**चिंटू:** जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार ड्राइवर।
**चिंटू:** जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू:** कार मैकेनिक।
**चिंटू:** और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू (कुछ देर सोचने के बाद):** कारपेंटर!
**-रजनी, दिल्ली**

**सोनू:** बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनू:** क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
**-कुशल, रोहतक**

# जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर :** 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर



कहानी
अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता
राजा चौरसिया




# वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

# अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तर:** 1.मेढक ने जो डाल पकड़ी है, उस पर लगा फल छोटा है। 2. मेढक के निचले बाएं पैर (पश्चपाद) की बीच वाली अंगुली छोटी है। 3. मेढक के अगले बाएं पैर (अग्रपाद) की अंगुलियां मुड़ी हुई हैं। 4.दाईं तरफ मेढक की जीभ के नीचे उड़ रहा पतंगा गायब है। 5.मेढक की दाईं आंख की पुतली ऊपर की तरफ है।

# रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई मारपीट से आक्रोश

# भारद्वाज व लांग्यान ने दूसरे दिन भी की भूख हड़ताल



भिवानी। अनश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे उमेश भारद्वाज, मंजीत लांग्यान व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुए घटनाक्रम के विरोध तथा छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने की मांग को लेकर पूर्व छात्र नेता उमेश भारद्वाज तथा छात्र नेता मंजीत लांगयान की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वीरवार को दूसरे दिन भी लगातार जारी रही। भूख हड़ताल स्थल पर दिनभर विभिन्न गांवों, सामाजिक संगठनों, अधिवक्ताओं, युवाओं और छात्र प्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। सभी ने आंदोलनरत छात्रों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में छात्रों की आवाज को सम्मानपूर्वक सुना जाना चाहिए। भूख हड़ताल के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल कुछ छात्रों का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और संवैधानिक अधिकारों का आंदोलन है।

पूर्व छात्र नेता भारद्वाज ने कहा कि सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि आंदोलन में शामिल छात्राओं और छात्रों के मन में जो भय, अपमान और असुरक्षा की भावना पैदा हुई, उस मानवीय पक्ष पर पर्याप्त चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद का स्थान सबसे ऊपर होना चाहिए। लांगयान ने कहा कि आज यह लड़ाई किसी संगठन या विचारधारा की नहीं, बल्कि हर उस छात्र की है जो ईमानदारी से पढ़ाई कर अपने भविष्य का सपना देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब छात्र और छात्राएं न्याय की मांग लेकर सडक़ पर उतरते हैं तो उनकी आवाज को संवेदनशीलता के साथ सुना जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संविधान की मर्यादाओं के अनुरूप रहेगा। धरने को एडवोकेट दीपेश सारसर, श्याम पालुवास, सचिन जताई, साहिल बापोड़ा, शेरसिंह खबरबास, पुनीत धांधा जताई, निखिल खासा तिगड़ाना, संदीप लोहानी, कपिल बवानी खेड़ा, जतिन रेवाड़ी, मयंक चांग, विशाल बालियाली, सचिन, सुरेंद्र कुमार, भूपेंद्र चाहर व रामअवतार यादव ने समर्थन दिया।

*छात्रों के सम्मान के लिए न्याय की मांग हुई तेज, लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद का स्थान सर्वोपरिः उमेश*

### भाजपा सरकार अपना रही है दमनकारी नीतियां : कर्नल



चरखी दादरी। पूर्व विधायक कर्नल रघबीर सिंह छिल्लर ने दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज की घटना की निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों की आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीतियां अपनाती रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास किसी भी सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।



### शिक्षा बचाओ आंदोलन को खाप पंचायतों का मिला समर्थन

चरखी दादरी। दादरी के किला मैदान स्थित धरना स्थल पर चल रहे शिक्षा बचाओ आंदोलन को वीरवार को जिले की प्रमुख खाप पंचायतों का समर्थन मिला। विभिन्न खापों की सरदारी एकजुट होकर धरना स्थल पर पहुंची और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा के अधिकार की मांग कर रहे शांतिपूर्ण छात्रों पर बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं है। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में छात्रों के साथ किसी प्रकार का अन्याय, दमन या पुलिस की बर्बरता हुई तो खाप पंचायतें लोकतांत्रिक तरीके से उसका पुरजोर विरोध करेंगी।

### छात्रों व कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व पर लाठीचार्ज लोकतंत्र की हत्या एवं संविधान का अपमानः नरेश



भिवानी। देशभर के करोड़ों युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ आवाज उठा रहे मासूम छात्रों और जननेताओं पर पुलिसिया लाठीचार्ज ने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को झकझोर कर रख दिया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक व न्यायोचित मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, वरिष्ठ सांसदों व पार्टी नेताओं पर हुई बर्बर व दमनकारी कार्रवाई की वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं रिटायर्ड बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

### मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

बहल। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को बहल के युवाओं ने विरोध मार्च निकाला। वीरवार को बड़ी संख्या में युवा अनाज मंडी में एकत्रित हुए और यहां से मुख्य बाजारों में प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय तक मार्च निकाला।

### भाजपा सरकार ने घोंटा लोकतंत्र का गला



भिवानी। हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने विगत में न्याय के लिए शांतिपुर्वक धरने पर बैठे लोगों पर भाजपा सरकार के ईशारे पर पुलिस ने लाठी चार्ज करके लोकतंत्र का गला घोटा है। शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन करने वालों पर लाठीचार्ज के आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मांग को लेकर तहसीलदार की अनुपस्थिति में ज्ञापन कानूनगो सैलेश गौड को ज्ञापन सौंपा।

### लाठीचार्ज के विरोध में निकला कैंडल मार्च



बवानीखेड़ा। दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में बवानी खेड़ा के मुख्य बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस नेता नरेन्द्र तंवर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कैंडल मार्च गुलाब सिंह पार्क से शुरू होकर सरकारी अस्पताल तक पहुंचा।

### खरक की गलियों में भरा है दो से तीन फीट पानी, निकलवाने की मांग



भिवानी। धानक जनकल्याण मंच प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि गांव खरक कला में 2 दिन से बारिश होने से गांव की मुख्य गली में तीन से चार फीट तक पानी खड़ा है जिला प्रशासन जल्द से जल्द पानी निकलवाए ताकि आने-जाने में ग्रामीणों को राहत मिल सके संदीप खरकिया ने बताया कि यही हाल गांव के मुख्य बस स्टैंड का है जगह-जगह पानी भरने से आने जाने वाले राहगीर को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी गांव के मुख्य नालों की सफाई नहीं हो रही थोड़ी ही बारिश में गांव की मुख्य गलियों में पानी भर जाता है खासकर बस स्टैंड पर छात्र-छात्राओं के दो स्कूल होने के बावजूद भी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है छात्र छात्राएं रोजाना पानी में ही स्कूल में जा रही है ग्रामीण दीपक परमार, अमित गोयल, राजकुमार यादव, मनी यादव, मोनू पंच, SS परमार, राजू शर्मा, आदि ने कहा कि गांव में दो-तीन दिन से बारिश होने से आने जाने में बुरा हाल है रोजाना छोटे-छोटे बच्चे भी पानी में गिर रहे हैं उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द पानी निकासी की मांग की।



### विवेकानंद के शिकागो धर्म संसद में दिए ऐतिहासिक भाषण का महत्व बताया

भिवानी। हलवासिया विद्या विहार में नचिकेता सदन प्रमुख आचार्या मोनिका की देख-रेख में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी समिति द्वारा युवा पीढ़ी को जागृत करने एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि लाल बहादुर शास्त्री, अरुण तथा साहिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को विवेकानंद केंद्र की स्थापना, उद्देश्यों एवं कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म संसद में दिए ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख करते हुए उनके विचारों को वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। अतिथियों ने कहा कि युवा पीढ़ी को जागृत करना, बच्चों के कौशल का विकास करना तथा उन्हें मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे आने के लिए प्रेरित करना समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें: एसडीएम

चरखी दादरी। एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर समयबद्ध रूप से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर लोगों की समस्याओं का तय समय में समाधान करवाएं। उन्होंने अपने विभागों से संबंधी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी साथ बैठक लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण करते हैं। ताकि लोगों को जगह जगह अन्य कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें ।




## बेलगाम दौड़ रहे निजी स्कूलों के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

खंड बवानीखेड़ा में शिक्षा के नाम पर मासूम बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कस्बे और आसपास के क्षेत्र में चल रहे दर्जनों बिना मान्यता के खुले अवैध निजी स्कूलों के वाहन नियमों को ताक पर रखकर बेलगाम दौड़ रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि अधिकांश वाहनों में न तो फिटनेस है, न बीमा और न ही परिचालक तैनात है।

सीसीटीवी लगा होना तो दूर की बात है। बावजूद इसके परिवहन और संबंधित विभाग इन्हें दरकिनार किए बैठा है, मानों किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। स्कूल बसों और वैन के लिए हरियाणा सरकार के स्पष्ट नियम हैं। वाहन पीले रंग के हों, उस पर स्कूल बस स्पष्ट शब्दों में लिखा हो, स्पीड कंट्रोलर लगा हो, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन द्वार अनिवार्य है। साथ ही हर वाहन में एक प्रशिक्षित परिचालक और संबंधित स्टाफ का होना जरूरी है। लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। बवानीखेड़ा खंड के बिना मान्यता के खुली स्कूलों के रूप में दुकानों में अधिकांश वैन सफेद रंग की हैं। उनमें क्षमता से दोगुने बच्चे ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं।

#### अभिभावक में प्रशासन से जगी आस

अभिभावकों का कहना है कि वे मजबूरी में बच्चों को इन वाहनों में भेजते हैं। हम शिकायत करें तो स्कूल वाले कहते हैं कि अगर वाहन बंद हुआ तो आपका बच्चा कैसे आएगा। प्रशासन से कार्यवाही की उम्मीद बंधी है। रोज टीवी पर हादसे देखते हैं, डर लगा रहता है कि कहीं हमारे साथ भी ऐसा न हो जाए। स्थानीय लोगों ने की मानें तो वे बार खंड शिक्षा अधिकारी और आरटीओ कार्यालय में शिकायत देने की योजना बनाई जा रही है। लोगों की मानें तो कई मर्तबा विभाग सिर्फ खानापूर्ति करता है। सूत्रों के अनुसार कई स्कूल संचालकों के राजनीतिक संरक्षण के चलते विभाग हाथ नहीं डाल पा रहा। अभिभावकों की मानें तो शिक्षा का अधिकार बच्चों की सुरक्षा से शुरू होता है।

### प्रेमनगर के ग्रामीणों ने कुलगुरू कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला

## रोष प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 से अनिश्चितकालीन धरने पर डटे गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों का आक्रोश अब लगातार गहराता जा रहा है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने गुरुवार को अपनी मांगों के समर्थन में विरोध का बिगुल फूंकते हुए कुलगुरू कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और जोरदार रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत विश्वविद्यालय की कुलगुरु की अनुपस्थिति में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. भावना शर्मा को ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया। उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त मांग पत्र को गंभीरता से लिया गया है। धरना समिति की मुलाकात विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी से जल्द करवाई जाएगी।



#### ये रहे मौजूद

संदीप मल्हान, अशोक मलिक, मुकेश नंबरदार, संदीप पंघाल, रण विजय बामला, सुमित बराड़, दीपांकर, राजकुमार, सोमबीर सेठ, जयबीर सिंह, कुवार, सूरजभान, नरेश, ईश्वर, साहिल, जसबीर, जगप्रवेश, मोंटी, रामफल देशवाल, आजाद सिंह ढांडा, छात्र नेता प्रवीण बूरा, राजेश, शुभकरण, बलबीर, सुखबीर कोकी, राजेंद्र इंस्पेक्टर, राजकुमार कोच, मनोज, जयपाल बूरा, सरूप सिंह, मेजर सुरेश कुमार, बानिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### गांव में फॉगिंग की मांग को लेकर समाधान शिविर में उठाई आवाज

भिवानी। सैनी विचार मंच इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने समाधान शिविर में भिवानी शहर के विभिन्न वार्डों में गंदे पेयजल की आपूर्ति, वर्षा ऋतु के दौरान बढ़ते जल प्रदूषण, मच्छरों के प्रकोप तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर शिकायत प्रस्तुत की। सुरेश सैनी ने कहा कि भिवानी शहर के कई वार्डों में लोगों को दूषित एवं गंदा पेयजल मिल रहा है।

बारिश के मौसम में कई स्थानों पर पेयजल में गंदगी और सीवरेज का पानी मिलने की शिकायतें लगातार सामने आती हैं। इससे डायरिया, टाइफाइड, पीलिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों से पेयजल के नमूने लेकर उनकी तत्काल जांच करवाई जाए।

#### श्रुति शर्मा ने 600 में 506 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

# संस्कृत महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत, शिक्षकों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। महाविद्यालय प्रशासक व प्राचार्य के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान एवं संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्धन में अग्रणी श्रीहरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के शास्त्री प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तीनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

परीक्षा में विशेष रूप से छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से शीर्ष स्थान हासिल कर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। परीक्षा परिणाम में श्रुति शर्मा ने 600 में 506 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और जिले में भी टॉप किया।

वहीं द्वितीय स्थान पर अंजली तथा तृतीय स्थान पर पूजा शर्मा रही। वहीं शास्त्री द्वितीय वर्ष में रेखा प्रथम, प्रीति द्वितीय व खुशी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा मनीषा प्रथम, अंशु द्वितीय व सपना शर्मा तृतीय पर रही। महाविद्यालय के प्रशासक शुकदेव मुनि ने मेधावी छात्रों को आशीर्वाद दिया और सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये पावन धरा पंडित सीताराम शास्त्री की तपोभूमि है, ये ऐतिहासिक और शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम समर्पित शिक्षकों के अमूल्य मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की अनवरत कड़ी मेहनत का सुफल है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की जननी है। महाविद्यालय प्राचार्य सुनील शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में अपना लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करना चाहिए, जो विद्यार्थी अनुशासन, निरंतरता और ईमानदारी के साथ मेहनत करता है, उसे सफलता निश्चित रूप से मिलती है। सफलता का कोई छोटा रास्ता नहीं होता, हमारी लगन ही हमें मुकाम तक पहुंचाती है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आचार्य हिमांशु शेमवाल, मीरा शर्मा, ललिता शर्मा, पारुल रानी, पवन शर्मा, प्रतिभा शर्मा, तनु शर्मा, राहुल यादव, रीतू शर्मा, जितेन्द्र शर्मा व संतोष आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### पेपर लीक लोकतंत्र के तीनों स्तंभों की विफलता



भिवानी। देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा धांधलियों के विरोध में देश भर में विद्यार्थी अपा रोष प्रकट कर रहे है। युवाओं के हक व भविष्य की इस लड़ाई तके कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रही है, ताकि इस भ्रष्टाचारी व युवा विरोधी सरकार को चेताया जा सकें। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अधिवक्ता डा. विकास कुमार ने सरकार, प्रशासनिक व्यवस्था पर तीखे हमले बोलते हुए कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के पूरे लोकतंत्र की नाकामी का प्रतीक बन चुके हैं।

### हड़ौदी के सरकारी स्कूल में पौधरोपण किया

बाढड़ा। गांव हड़ौदी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या विजेता फौगाट व समाज सेवी जगबीर चांदनी ने स्टाफ के सहयोग से पौधारोपण किया। एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र जाखड़ ने पेड पौधों के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीव विज्ञान प्रवक्ता सुचित्रा देवी ने बच्चों को पर्यावरण के विषय में बताया। प्रवक्ता सुनिता सांगवान व सुमन देवी ने शुद्ध आ1सीजन के महत्व पर प्रकाश डाला। मिंटू का विशेष सहयोग रहा। एचटी सज्जन सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधारोपण का प्रयास हम सभी को करना चाहिए। जिससे कि हमारा पर्यावरण हरा भरा बना रहे। कार्यक्रम में बनिता देवी, सविता, प्रदीप शर्मा, नरेश यादव, अनिता देवी, महेंद्रा देवी, राजेंद्र मैचू, ज्योति आदि मौजूद रहे।

### पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन आमंत्रित

चरखी दादरी। उपायुक्त मनदीप कौर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से पद्म पुरस्कार-2027 के लिए योग्य एवं विशिष्ट व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं, जो कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक कार्य, लोक सेवा, उद्योग तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किए जाते हैं। भारत सरकार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा की हो। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और नागरिक स्वयं भी योग्य व्यक्तियों के नाम पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं।

### मतदाता गणना प्रपत्र जमा करवाने का आज आखिरी दिन

चरखी दादरी। जिले में चल रहे एसआईआर कार्य के तहत केवल शुक्रवार 24 जुलाई तक ही मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा होंगे। बचे हुए मतदाता बीएलओ को या ऑनलाइन प्रपत्र जमा करा सकते हैं। इसके बाद 31 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना समय गवाएं अपने गणना प्रपत्र जरूर जमा करा दें। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को प्रारंभिक प्रकाशन के बाद प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मतदाता सूची में दर्ज विवरण का सत्यापन अवश्य करे तथा आवश्यकता होने पर नाम जोड़ने, संशोधन अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी कराए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस अभियान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची को लेकर आपत्ति एवं दावे संबंधित सक्षम अधिकारी के पास जमा कराए जा सकते हैं। इसके बाद 28 सितंबर तक इन दावों एवं आपत्तियों का निपटान किया जाएगा और 3 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### स्थापना दिवस पर सीबीएलयू में किया पौधरोपण

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के स्थापना दिवस पर वीरवार को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। गैर शिक्षक विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी व रजिस्ट्रार प्रोफेसर भावना शर्मा को पारिजात का पौधा भेंट किया। कुलपति व रजिस्ट्रार ने सीबीएलयू परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण को हरा-भरा व स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संवर्द्धन का संकल्प लिया। प्रोफेसर दीप्ति ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं, भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस ऐसे सामाजिक और पर्यावरण-हितैषी कार्यों के साथ मनाना बेहद सराहनीय है। आज के दौर में प्रकृति का संतुलन बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरित और सुंदर बनाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। कर्मचारी संघ के प्रांत महामंत्री प्रदीप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से हमने विश्वविद्यालय की कुलपति व रजिस्ट्रार को पारिजात के पौधे भेंट किए है। हमारा मुख्य उद्देश्य समाज और युवाओं को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। अंत में सभी ने विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।



### बाबा भैय्या डेरा में लगाया भंडारा

भिवानी। हांसी-तोशाम बाईपास स्थित प्राचीन बाबा भैय्या डेरा में 35वें विशाल भंडारे व जागरण का आयोजन किया। भंडारे का शुभारंभ डेरा के महंत ईश्वर गिरी महाराज ने बाबा भैय्या के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान हवन-यज्ञ भी किया, जिसमें उपस्थितजनों ने हवन में आहुति डालकर विश्वशांति की कामना की। महंत ईश्वर गिरी व ठेकेदार ओमप्रकाश संभ्रवाल ने बताया कि भण्डारे में सैंकड़ों की संख्या में साधु संतों व भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष भण्डारे व जागरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दूर से भक्तजन आते हैं तथा सच्चे मन से बाबा को याद करते हैं और उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। भण्डारे में महंत शनिगिरी, मुरली गिरी, कैलाश गिरी, सिद्ध गिरी, पाली गिरी, कर्णगिरी, डोवी गिरी, शमशेर संभ्रवाल, पूजा संभ्रवाल, सुमीत तंवर, कैलाश कालू व सुशील हलवाई आदि उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीईओ ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं

भिवानी। जिला परिषद के डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। डिप्टी सीईओ ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान करना है। प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल के समक्ष गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नम्बरदार ने राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं पंचकर्म केंद्र में शौचालय की सफाई करवाने, चिकित्सकों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचने व वॉटर कूलर ठीक करवाने, सेवा नगर कॉलोनी निवासी मोहर सिंह ने आयु सत्यापन करवाने, गांव अजीतपुरा निवासी संदीप ने बैंक में धांधली की जांच करवाने की मांग की।

### शिविर में आई समस्या का किया त्वरित समाधान

तोशाम। तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली जन शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निपटारा होना चाहिए। उन्होंने गांव खरकड़ी सोहान के लोगों की समाधान शिविर में आई समस्या का त्वरित समाधान किया। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करके अधिकारी त्वरित समाधान करते हुए समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद का सशक्त माध्यम बनाए। एसडीएम संदीप कुमार वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर में आई शिकायतों का त्वरित समाधान करने बारे अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के लिए प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर शासन, प्रशासन व जनता के लिए सुशासन का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सरकार के दिशा निर्देश पर उच्च अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप



भिवानी। प्रतियोगिता में भाषण देती एक प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### उत्तमी बाई स्कूल में हुई आशु भाषण प्रतियोगिता

**भिवानी।** उत्तमी बाई आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को त्वरित सोचने की क्षमता, वाक कला और आत्मविश्वास को बढ़ाना है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल इंडिया, नारी शक्ति, सोशल मीडिया, गलोबल वार्मिंग, गुरू-शिष्य परंपरा जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए।

### भगवान परशुराम सेना ने मनाई शहीदों की जयंती

**भिवानी।** भगवान परशुराम सेना द्वारा चंद्रशेखर चौक में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष अरुण गौड़ ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा में हुआ था।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद व तिलक को किया नमन

**भिवानी।** गांव धारेडू में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और स्वराज का नारा देने वाले लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू ने दोनों महापुरुषों के देश की आजादी में दिए योगदान को याद करते हुए अपना संदेश सांझा किया। भारद्वाज ने कहा कि महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का अदम्य साहस और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का 'स्वराज' का विचार आज भी हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित करता है।

# शैलेश के नेतृत्व में मैपिंग वाटर विजडम ऑफ हरियाणा प्रोजेक्ट ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- ब्रिक्स के मंच पर लेघां के पीएमश्री स्कूल ने रचा इतिहास, मैपिंग वाटर विजडम ऑफ हरियाणा प्रोजेक्ट से किया भारत का प्रतिनिधित्व
- प्रवक्ता शैलेश के नेतृत्व में ब्रिक्स 2026 स्कूल जियोस्पेशियल प्रोजेक्ट शोकेस में किया कमाल

गांव लेघां स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। विद्यालय को ब्रिक्स 2026 स्कूल जियोस्पेशियल प्रोजेक्ट शोकेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना। कार्यक्रम 22 जुलाई को आईआईटी तिरुपति में हुआ, जिसके लिए मेंटर शैलेश के मार्गदर्शन में टीम तैयार की गई। उनके नेतृत्व में ही ये उपलब्धि संभव हो पाई। मैपिंग वाटर विजडम ऑफ हरियाणा प्रोजेक्ट के लिए टीम ने भिवानी जिला के आठ गांवों से डेटा एकत्रित किया। प्रोजेक्ट का मुख्य विषय था-गिरता भूजल स्तर और उसके समाधान के लिए तालाबों का महत्व तथा इस दिशा में चल रही सरकारी योजनाएं।



भिवानी। प्रवक्ता शैलेश कुमार, विद्यार्थी मनीष व पंकज को सम्मानित करते अतिथि।

### पारंपरिक जल स्रोतों को कहानी के रूप में किया प्रस्तुत

टीम ने फील्ड सर्वे, जीपीएस-सक्षम मोबाइल मैपिंग, जीआईएस और स्थानिक विश्लेषण का उपयोग कर भिवानी के पारंपरिक जल स्रोतों की स्थिति को साक्ष्य-आधारित जियोस्पेशियल कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। प्रोजेक्ट का नाम रखा मैपिंग वाटर विजडम ऑफ हरियाणा। मंच पर विभिन्न देशों के सरकारी अधिकारी, नीति निर्माता, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उद्योग जगत के दिग्गज मौजूद थे। छात्रों के प्रयास को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भरपूर सराहना मिली। टीम ने दिखाया कि कैसे जियोस्पेशियल तकनीक पारंपरिक जल निकायों को बहाल करने व जलवायु-अनुकूल क्षेत्रों के निर्माण में मदद कर सकती है। सम्मेलन में जाने से पहले भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने टीम से मुलाकात कर उन्हें अपने सुझाव और शुभकामनाएं दीं। शैलेश ने कहा कि उपलब्धि केवल प्रोजेक्ट की सफलता नहीं, ये युवाओं की जिज्ञासा, टीमवर्क, नवाचार और सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे पहले भी प्रवक्ता शैलेश ने इसी विद्यालय की टीम को यूनेस्को के 2023 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनजीएसडब्ल्यूजीआईसी में पुरस्कार दिलवाकर जिला व पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। यह अवसर भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के राष्ट्रीय भू-स्थानिक कार्यक्रम के अंतर्गत मिला।

पलवल के सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी 44वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में घुसकानी की टीम रही प्रथम

## लयबद्ध एकल स्पर्धा में परीक्षित ने हासिल किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज लड़कों की प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल के निर्देशन में किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर आयोजन समिति के नोडल अधिकारी सत्यवान कोच, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव तथा जोनल सचिव एवं खेल शिक्षा प्रवक्ता मदन गोपाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया। अंडर-19 सॉफ्टबॉल लड़कों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलिंगा प्रथम तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिगड़ाना द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-14 लड़कों में वीर शहीद कैप्टन ओ.पी. दलाल राजकीय उच्च विद्यालय, घुसकानी ने प्रथम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलिंगा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बेसबॉल लड़कों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलिंगा प्रथम तथा राजकीय उच्च विद्यालय, घुसकानी द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-19 बेसबॉल लड़कों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलिंगा प्रथम तथा राजकीय उच्च विद्यालय, घुसकानी द्वितीय स्थान पर रहा।





भिवानी। जुडो प्रतियोगिता में एक दूसरे खिलाड़ी को पटखनी देते हुए तथा प्रतियोगिता में सॉफ्टबाल खेल में दमखम दिखाते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### कुंगड़ में हुई खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता



**बवानीखेड़ा।** गांव कुंगड़ में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक खेल और लयबद्ध एकल दोनों स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। ग्यारह वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों में 'परीक्षित' ने पहला स्थान प्राप्त किया। चौदह, सत्रह, उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग में 'प्रवीण', यश गोयत, रोनित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लयबद्ध एकल स्पर्धा में ग्यारह वर्ष से कम आयु वर्ग में 'दीपक', चौदह वर्ष से कम आयु वर्ग में शौर्य, सत्रह वर्ष से कम आयु वर्ग में 'नुकुल' और उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग में 'रिंकू' ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खेल भावना देखने को मिला। विजेता खिलाड़ियों को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह और विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाते हैं।

### सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 7 से 9 अगस्त तक, ट्रायल कैंप 24 व 25 जुलाई को

**भिवानी।** हरियाणा में नेटबॉल खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन ने अपनी कमर कस ली है। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के तहत होने वाली राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की तारीखों और आयोजन स्थलों का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। दहिया ने बताया कि 44वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक पलवल के सुभाषचंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में खेली जाएगी। इस बार हरियाणा को सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव मिला है, जिससे प्रदेश के खेलप्रेमियों में भारी उत्साह है। दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा (पुरुष वर्ग) की मजबूत टीम का चयन करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता के लिए बेहतरीन खिलाडिय़ों के चयन व प्रशिक्षण के लिए विशेष ट्रायल कैंप 24 व 25 जुलाई से आयोजित किया जा रहा है। खिलाडिय़ों को शाम 4 बजे पलवल के सुभाषचंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में रिपोर्ट करनी होगी। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ी ट्रायल/कैंप का हिस्सा बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि केवल वही खिलाड़ी ट्रायल/ कैंप में भाग ले सकेंगे, जो नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया में पूरी तरह से पंजीकृत हैं।

- हरियाणा के पलवल में सजेगा राष्ट्रीय नेटबॉल का मंच : बबीता



तोशाम। आयोजित प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाते प्रतिभागी।

### अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में आदर्श विद्यालय मीरान की टीम ने मारी बाजी

**तोशाम।** सुरेंद्र सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में आयुवर्ग-19 कब्बडी प्रतियोगिता में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिरान की टीम ने बाजी मारी। वहीं नवभारत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिडौला की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिरान की टीम तीसरे स्थान पर रही। खेलों का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान ने किया। विजय सांगवान ने कहा कि सभी विधार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई खेल जरूर अपनाना चाहिए। खेल प्रतियोगिताएं हमारे जीवन में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, और टीम भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं में नेतृत्व और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रतियोगिताओं के लिए की जाने वाली तैयारी युवाओं को अनुशासित और समय का पाबंद बनाती है। प्रतियोगिता के आयुवर्ग-17 कब्बडी प्रतियोगिता में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिरान की टीम प्रथम, कैप्टन हाई स्कूल तोशाम की टीम दूसरे व नवभारत विद्यालय बिडौला की टीम तीसरे स्थान पर रही। खो खो के आयुवर्ग-17 में पीएस नवयुग स्कूल तोशाम की टीम प्रथम स्थान पर रही।

### दादरी की बेटी निधि ने एशियन पेनकाक सिलाट चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**चरखी दादरी।** जिले के गांव भागवी की बेटी निधि ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वीं एशियन पेनकाक सिलाट चैंपियनशिप 2026 में रजत पदक जीतकर दादरी और हरियाणा का नाम रोशन किया है। निधि की इस उपलब्धि से गांव भागवी सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। उन्होंने यह सफलता वियतनाम के डोंग नाई शहर में 15 से 23 जुलाई तक आयोजित हुई प्रतियोगिता में हासिल की। निधि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सेंट्रल पेनकाक सिलाट टीम की होनहार खिलाड़ी हैं और वर्तमान में एएसजी दिल्ली में तैनात हैं। उनके पिता का नाम सज्जन सिंह है। हरियाणा की खेल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निधि ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर गांव भागवी से अंतरराष्ट्रीय खेल मंच तक का सफर तय किया है। अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से पहले भी निधि ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने 6 से 8 जुलाई तक मेघालय के शिलांग स्थित एनईएचयू कैंपस के साई ट्रेनिंग सेंटर इंडोर स्टेडियम में आयोजित 14वीं सीनियर नेशनल पेनकाक सिलाट चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीता था। लगातार दो बड़े मंचों पर शानदार प्रदर्शन कर उन्होंने अपनी खेल क्षमता साबित की है। निधि की इस सफलता को सीआईएसएफ के खेल निदेशालय के मार्गदर्शन और एएसजी दिल्ली की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षण, खेल सुविधाओं और आवश्यक सहयोग का परिणाम माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर उन्होंने सुरक्षा बलों में खेल प्रतिभाओं को मिल रहे प्रोत्साहन को भी दर्शाया है।



चरखी दादरी। प्रशिक्षण सत्र में पैनल अधिवक्ताओं को संबोधित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया। फोटो: हरिभूमि

### पैनल अधिवक्ताओं के प्रशिक्षण के दूसरा दिन जरूरतमंदों तक विधिक सहायता पहुंचाने पर जोर

**चरखी दादरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के दिशा-निर्देशों तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी के अध्यक्ष देशराज चालिया के मार्गदर्शन में स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में नव नियुक्त पैनल अधिवक्ताओं के लिए आयोजित रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन वीरवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं और विधिक सहायता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने की।जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाना है।

### गांवों में पेयजल व्यवस्था होगी मजबूत, 46 करोड़ की जलापूर्ति योजनाओं को मिली मंजूरी : सुनील

**चरखी दादरी।** दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लिए 46 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पेयजल एवं जल अवसंरचना परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है। इन योजनाओं के लागू होने से लंबे समय से पेयजल संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी और व्यवस्थित होने की उम्मीद है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के तहत जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तार, डीआई पाइपलाइन बिछाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।



विधायक सुनील सांगवान।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घर तक स्वच्छ, सुरक्षित और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना है। स्वीकृत परियोजनाओं में बौंद खुर्द व रणकोली की जलापूर्ति योजना के उन्नयन के लिए 9.67 करोड़ रुपये, सांकरोड के लिए 8.58 करोड़ रुपये, छपार में जलापूर्ति योजना विस्तार एवं डीआई पाइपलाइन के लिए 6.78 करोड़ रुपये, कासनी के लिए 6.45 करोड़ रुपये तथा खातीवास के लिए 5.83 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

### प्रभात मंडल ने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रिटोलिया का किया सम्मान

**चरखी दादरी।** नगर व क्षेत्र में लंबे समय से योग, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय प्रभात मंडल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हाल ही में अग्रवाल सभा की आम बैठक में अध्यक्ष निर्वाचित हुए प्रभात मंडल के सदस्य कैलाश रिटोलिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभात मंडल के प्रधान बजरंग लाल तथा संस्था के संरक्षक सुरेश बहु वाले ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन के दौरान वक्ताओं ने कैलाश रिटोलिया के सामाजिक जीवन, सेवा कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद पर उनका चयन पूरे क्षेत्र और प्रभात मंडल के लिए गर्व का विषय है। समारोह में मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कैलाश रिटोलिया का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा समाज की परंपरा के अनुरूप पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित सदस्यों ने सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।



चरखी दादरी। कैलाश रिटोलिया को सम्मानित करते हुए प्रभात मंडल के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि



चरखी दादरी। महिला महाविद्यालय झोझू कलां में दाखिला प्रक्रिया में मौजूद छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### महिला कॉलेज झोझू कलां में दाखिले की प्रथम मेरिट सूची जारी

**चरखी दादरी।** कस्बा झोझू कलां स्थित महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी होने के साथ ही छात्राओं में प्रवेश को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राज पाल ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में बीए की 480 सीटों के मुकाबले 218, बीकॉम में 18, बीएससी (फिजिकल साइंस) में 61 तथा बीएससी (लाइफ साइंस) में 25 अभ्यर्थियों के नाम शामिल किए गए हैं। प्रथम सूची में चयनित छात्राएं 23 से 25 जुलाई तक प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकती हैं। प्राचार्य ने बताया कि पिछले वर्ष महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 222 प्रवेश हुए थे, जबकि इस वर्ष केवल प्रथम मेरिट सूची में ही 322 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इससे स्पष्ट है कि इस बार प्रवेश के लिए छात्राओं की रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, औरअभिभावकों के बढ़ते विश्वास का परिणाम बताया।

### एचडी पब्लिक स्कूल में मनाई तिलक और चंद्रशेखर आजाद जयंती

**चरखी दादरी।** गांव बिरोहड़ स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में वीरवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित सभा में स्कूल के निदेशक बलराज फौगाट, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान नौवीं कक्षा के छात्र नमन और आठवीं कक्षा की छात्रा झलक ने ओजस्वी भाषणों एवं देशभक्ति कविताओं के माध्यम से लोकमान्य तिलक और चंद्रशेखर आजाद के जीवन, संघर्ष तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि उनके आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर ही दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित एवं जिम्मेदार युवा ही राष्ट्र की प्रगति का मजबूत आधार बनता है।



चरखी दादरी। एचडी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व निदेशक बलराज फौगाट।



चरखी दादरी। प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी व अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### जिला स्तरीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस स्पर्धा शुरू एपीएस के छह खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

**चरखी दादरी।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, हरियाणा सरकार के तत्वावधान में वीरवार को स्थानीय आदर्श कॉम्प्लेक्स ऑफ स्पोर्ट्स में जिला स्तरीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुशील भारती तथा सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील सांगवान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के लड़के-लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनभर बैडमिंटन और टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले हुए। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। एकेडमी के निदेशक नवीन कुमार ने खेल विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**सम्मान** | अलंकरण समारोह में उल्लेखनीय सेवाओं पर स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

# मॉडल संस्कृति स्कूल के स्काउट मास्टर को मिला 'मेडल ऑफ मेरिट' सम्मान

लोक भवन चंडीगढ़ में स्काउट्स एवं गाइड्स के अलंकरण समारोह में राज्यपाल घोष ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के स्काउट मास्टर एवं रसायन विज्ञान प्रवक्ता राकेश रोहिल्ला को हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा स्काउटिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित मेडल ऑफ मेरिट से सम्मानित किया।

सम्मान गत 20 जुलाई को लोक भवन चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के भव्य अलंकरण समारोह में राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने प्रदान किया। समारोह में प्रदेशभर के उत्कृष्ट स्काउट एवं गाइड अधिकारियों, शिक्षकों व स्वयंसेवकों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्या सविता ने राकेश को विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।



भिवानी। स्काउट मास्टर राकेश रोहिल्ला को सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग तथा भिवानी जिले के लिए गर्व का विषय है। राकेश रोहिल्ला वर्षों से स्काउटिंग, शिक्षा, नेतृत्व विकास, सामाजिक सेवा तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, उनकी उपलब्धियां सदैव विद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं और यह सम्मान उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यशैली का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मला दहिया तथा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) पवन कुमार शर्मा का विशेष आभार जताया, जिनके सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से स्काउटिंग गतिविधियों को नई दिशा एवं ऊर्जा मिली है। इस मौके पर राष्ट्रपति अवॉर्डी लक्ष्मण गौड़ ने उन्हें विशेष रूप से बधाई दी। इस मौके पर स्काउट मास्टर अजेंद्र शर्मा, आशुतोष शर्मा, जितेंद्र शास्त्री, सुधीर मलिक, मनोज शर्मा, राकेश वधवा, अनिल अरोड़ा, सुशीला, अनीता, अशोक, हेमंत, अमित व दीवान आदि उपस्थित रहे।

### सीबीएलयू में री-अपीयर छात्रों को मिलेगा दाखिला

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के पीजी कोर्सेज में दाखिला लेने के इच्छुक री-अपीयर वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। छात्रों की बढ़ती मांग के अनुरूप विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी कोर्सेज में रिक्त सीटों पर दाखिलों के लिए री-अपीयर छात्रों को भी दाखिला देने का निर्णय लिया है। अगर संबंधित विषय में री-अपीयर होगी तो दाखिले के लिए अनुमति नहीं मिलेगी। केवल एक विषय में री-अपीयर वाला छात्र ही कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन दे सकेगा। विश्वविद्यालय ने अन्य पीजी कोर्स में भी रिक्त सीटों पर 28 जुलाई को ओपन काउंसलिंग का निर्णय लिया है। डीन एकेडमिक प्रो. सुनीता भरतवाल एवं एडमिशन कमेटी के चेयरमैन प्रो. सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपने नियमों में बदलाव किया है, जिसके तहत अब री-अपीयर वाले विद्यार्थियों को भी सीट खाली रहने और आवेदन बाकी न रहने की स्थिति में दाखिले दिए जा सकेंगे।